एक नजर

नया बिजली कनेक्शन लेना हुआ आसान, ऑनलाइन करें आवेदन

नर्मदापुरम मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं हेतु सरल और सुविधाजनक तरीके से त्वरित नवीन बिजली कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। इसके लिए उपभोक्ताओं को सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में घर बैठे ही नवीन कनेक्शन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। गौरतलब है कि कंपनी द्वारा विगत जुलाई 2023 से शुरू किये गये ऑनलाइन सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से अब तक भोपाल शहर एवं भोपाल ग्रामीण वृत्त में 01 लाख 02 हजार 875 नए कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं, जबकि पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में 05 लाख 07 हजार 634 नए कनेक्शन सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से सफलतापूर्वक प्रदान किये गए हैं। इनमें 10 किलोवॉट तक के अस्थायी कनेक्शन भी शामिल हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री ऋषि गर्ग ने बताया है कि कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल पर आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में तत्काल नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। नये कनेक्शन लेने हेतु उपभोक्ताओं को बिजली कंपनी के पोर्टल https://saralsanyojan.mpcz.in अथवा UPAY एप पर जाकर जरूरी दस्तावेज अपलोड कर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए निर्धारित शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। आवेदक द्वारा विधिवत ऑनलाइन आवेदन और भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत बिजली कंपनी द्वारा सर्वे एवं अन्य औपचारिकताएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर उपभोक्ता के परिसर में नया कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जाएगा।

किसानों की खुशी में ही हमारी खुशी : पाण्डे

इटारसी मंडी आते ही किसानों के चेहरे खिल जाते हैं , मंडी की व्यवस्था से संतुष्ट हैं किसान

किसानों को फसल का मिल रहा है उचित दाम, तुरंत हो रहा है भुगतान

नवभारत न्यूज

इटारसी, 20 जनवरी मक्का और धान उपज के भावों में अचानक आये उछाल से जहाँ एक और इटारसी कृषि उपज मंडी पहुंच रहे किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिलने से उनके चेहरे खिले हुये तो वहीं दूसरी ओर भावों में इस बदलाव के चलते जिले के बाहर से भी कृषक अपनी उपज लेकर इटारसी मंडी पहुँच रहे हैं .जिले में मौजूद क्लास मंडी में किसानों को पर्याप्त सुविधाएं तो हैं ही साथ ही नगद भुगतान भी व्यापरियो द्वारा तुरंत किया जा रहा हैं खास बात यह हैं कि इटारसी कृषि उपज मंडी में किसानों को किसी भी प्रकार के कोई टोकन आदि के लेने की झंझट भी नहीं हैं इटारसी मंडी में, अन्य मंडियो में जरूरी इस तरह की बाध्यता से किसानों को यहाँ मुक्त रखा हैं. मंडी सचिव प्रशांत पांडे ने बताया कि हमारी प्राथमिकता यह है कि किसानों की खुशी में हमारी खुशी है. मंडी में उन्हें फसल का तत्काल भुगतान होना प्राथमिकता रहेगा. उन्होंने अपनी टीम जिसमें प्रांगणप्रभारी शिवनारायण सिंह,ए एस आई अनमोल सिंह, ए एसआई ओमप्रकाश मालवीय, ए एसआई सीताराम पवार एएस आई राम कुमार दुबे, ए एसआई अजबसिंह कीर ए एसआई कुँअर सिंह ए एस आई माथनकर,लिपिक विपुल यादव आदि को प्रांगण में तैनात कर मंडी में उपज बेचने आये किसानों को फौरन से पेशत्तर समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ तुरंत भुगतान में किसान और व्यापारी के बीच उचित समन्वय बनाने के आदेश मंडी के भारसाधक अधिकारी नीलेश शर्मा के निर्देश पर देते हुये किसानों की संतुष्टि पर विशेष ध्यान देने को कहा हैं. इधर लोकप्रिय जनप्रतिनिधि विधायक डा सीताशरण शर्मा की मंशा के अनुरूप विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल भी लगातार मंडी सचिव श्री पांडे और उनकी टीम का लगातार सहयोग कर इटारसी कृषि उपज मंडी में आने वाले किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर छुटमुट समस्याओ का समाधान मोके पर ही टीम वर्क कर किसानों को बड़ी राहत देने में जुटे हुये हैं . दरअसल पिछले बीस पच्चीस दिन पूर्व धान का भाव चार हजार तक पहुँच गया था लेकिन एकाएक बाजार लुढ़क गया और धान का रेट न्यूनतम 2800 और अधिकतम 3450 तक आ पहुंचा जो वर्तमान में फिर उछाल लेते हुये अधिकतम 3950 पर पहुँच गया हैं जिससे किसानों में हर्ष देखा जा रहा हैं इधर गुरुनानक ट्रेडिंग कंपनी के संचालक वरिष्ठ व्यापारी अजय खन्ना का मानना हैं अभी धान में और तेजी देखने को मिलेगी द्य वही मक्का भी भाव में बढ़त आने पर बहुतायत में आने लगा हैं पिछले कुछ दिनों से मक्का रेट 1500 पर स्थिर था लेकिन बाजार में सुधार के साथ वर्तमान में मक्का 1650की बढ़त बनाये हुये जो 1700 के पार जाने की बात व्यापारियों द्वारा बताई जा रही हैं .

इनका कहना हैं –

पिछले कुछ दिनों से बाजार धीमा था लेकिन अचानक बाजार में धान और मक्का को लेकर भाव में उछाल आया हैं सही और उचित मूल्य के साथसाथ इटारसी मंडी में बगैर टोकन के उपज विक्रय की सुविधा के आलावा पर्याप्त सुविधाएं मिलने पर किसान तेजी से यहाँ आ रहे हैं

प्रशांत पाण्डे, सचिव, कृषि उपज मंडी

कृषि मंडी में आने वाले कृषको को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसलिए प्रांगण में टीम तैनात कर मोके पर समस्याओ का निराकरण कराया जा रहा हैं ताकि वेवजह के टोकन,भुगतान,आदि में किसानों को दिक्क़त न हो.

नीलेश शर्मा, एस डी एम

इटारसी कृषि उपज मंडी में लोकप्रिय विधायक डा सीताशरण शर्मा जी किसानों की सुविधाओ को लेकर सदैव प्रयास रत रहते हैं उनकी मंशा के अनुरूप प्रांगण में ही सचिव श्री पांडे और उनकी टीम तैनात हैं और उनके साथ समन्वय बनाकर किसानों की समस्याओ का निराकरण मोके पर कराने में सहयोग कर रहा हूँ

विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल
कृषि उपज मंडी इटारसी

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन के त्वरित निराकरण के निर्देश

जनसुनवाई में आए 71 आवेदनों पर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई करते हुए सुनवाई की गई

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/20,जनवरी,2026 मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु जैन ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 71 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम सेमरी हरचंद निवासी कमलनाथ ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने के लिए आवेदन दिया, जिस पर श्री जैन ने सम्बन्धित अधिकारी को शीघ्र नियमानुसार सहायता प्रदान करने के निर्देश दिये।

एक अन्य मामले मे सोहागपुर निवासी श्रीमति सपना रघुवंशी ने सीमांकन एवं नक्शा बटांकन समस्या के सम्बंध मे आवेदन दिया,जिस पर श्री जैन ने अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर को शीघ्र समाधान करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार आर्थिक सहायता, पेंशन, अतिक्रमण, विद्युत सुरक्षा, सीमांकन राजस्व जैसे अन्य मामलों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जन सुनवाई में आवेदक हेमंत यादव के द्वारा पंचायत आंखमऊ की सड़क निर्माण एवं जाली हटाने की शिकायत पर तुरंत कार्यवाही की गई

अभा कवि सम्मेलन 24 को

हरदा अंतर्राष्ट्रीय व्यंग्य कवि स्व. श्री माणिक वर्मा की स्मृति में लगातार दूसरे वर्ष अखिल भारतीय कवि सम्मेलन दिनांक 24 जनवरी शनिवार को रात्रि 8.30 बजे से स्थानीय बड़ा मंदिर चौक हरदा में होने जा रहा है जिसमें देश के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि रचना पाठ करेंगे। वीर रस कवि जगदीश सोलंकी कोटा, शायरा अंजुम रहबर भोपाल, हास्य कवि सुरेंद्र यादवेंद्र बारां, हास्य कवि आदि रहेंगे.

अवैध रेत, मिट्टी उत्खनन में जेसीबी एवं पनडुब्बी जब्त

नवभारत न्यूज

कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई

हरदा, 20 जनवरी कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार और संयुक्त कलेक्टर सतीश राय के नेतृत्व में खनिज विभाग ने बीती रात दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ी छापामार कार्यवाही की। खनिज अधिकारी सुश्री प्रगति सोनवाने और खनिज निरीक्षक सुश्री मनीषा तावड़े की टीम ने सोमवार की रात को 10:30 बजे एवं रात्रि 2 बजे तहसील टिमरनी एवं तहसील हंडिया में दो बड़ी कार्यवाही की। तहसील टिमरनी के अंतर्गत ग्राम गोंदागांव में पनडुब्बी द्वारा नर्मदा नदी से अवैध उत्खनन पर एक पनडुब्बी जप्त जप्त कर कार्यालय कलेक्टर के सुपुर्दगी में रखी। इसी प्रकार रात 2 बजे तहसील हंडिया के ग्राम बगलातर मनोहरपुरा नदी किनारे हो रहे मिट्टी के अवैध उत्खनन में संलिप्त एक जेसीबी और ट्रैक्टर थाना हंडिया की सुपुर्दगी में दिया गया। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जब्त किए गए सभी वाहनों और मशीनों पर अवैध उत्खनन की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किए जाएंगे।

अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

माखन नगर – श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में प्राचार्य डॉ नीता चौबे के निर्देशन में संपन्न स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम जिसमें प्रथम प्रशिक्षण ज्वेलरी मेकिंग तथा द्वितीय प्रशिक्षण झूठ बैग निर्माण था का समापन किया गया . जिसमें छात्राओं द्वारा कड़ी मेहनत और लगन से बनाई गई सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुरेश जी अग्रवाल अध्यक्ष जनभागीदारी समिति द्वारा छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी द्य श्री मनीष चतुर्वेदी ने कहा कि यह भारतीय परंपरा का अद्भुत उदाहरण है .

नर्मदापुरम मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले की अयोध्या-वाराणसी तीर्थयात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह यात्रा 01 मार्च 2026 से 06 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 200 तीर्थयात्रियों को शामिल होने का अवसर मिलेगा।

जिकां अध्यक्ष ने किया सोहागपुर विधानसभा का दौरा

नवभारत न्यूज

इटारसी, 20 जनवरी आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकान्त गुड्डु पांडेय ने सुहागपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कांमती, ग्राम छेडका एवं ग्राम सेहरा का दौरा किया। ग्राम वासियों ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष को अपने बीच पाकर गौरान्वित महसूस किया एवं बड़े उत्साह के साथ अध्यक्ष का स्वागत किया तथा गांव की समस्याओं एवं राजनीतिक गतिविधियों को लेकर चर्चा की इस अवसर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डु पांडे के साथ सुहागपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर ठाकुर, मंजेश पटेल, अमिताभ तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमृत बिंदु डेरिया, अरुण तिवारी, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, जगदीश पटेल , अशोक धुर्वे ,अजाद सिंह पटेल, अर्पित तिवारी, गौरव भावसार, प्रीतम सिंह बट्टी, हरिओम बट्टी आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे। तत्पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डु पांडेय माखन नगर पूर्व पार्षद द्वारका प्रसाद चौधरी के भाई के निधन पर श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। तत्पश्चात ग्राम निटाया में गिरवर सिंह पटेल के निधन पर उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की.

आनंद उत्सव में खेलकूद व सांस्कृतिक स्पर्धा आयोजित

नवभारत न्यूज

इटारसी, 20 जनवरी शासन के निर्देशानुसार नगर परिषद बनखेड़ी द्वारा आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज अंधियार बावड़ी, वार्ड क्रमांक 15 स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत कबड्डी, खो-खो, बोरा दौड़, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, गीत गायन एवं भजन सहित अनेक प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्री हरीश मालानी, उपाध्यक्ष श्री राजू पटेल, मुख्य नगर अधिकारी श्री निशांत

श्रीवास्तव, वार्ड पार्षद श्रीमती कामना संतोष ठाकुर, नगर परिषद कर्मचारी केशव पाठक एवं रूपेश पटवा विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही शासकीय विद्यालय के प्राचार्य श्री नरेंद्र सिंह ठाकुर, शिक्षक सालू तिवारी, मनोज काकोडिया, राजेश कटिया एवं सनीराम कवरेती की उपस्थिति रही। आनंद उत्सव कार्यक्रम का ग्राम के सभी वृद्धजनों, महिलाओं एवं बच्चों ने भरपूर आनंद लिया और आयोजन की सराहना की।

श्रीरामयज्ञ 22 से

पिपरिया, 20 जनवरी श्रीरामयज्ञ मानस सम्मेलन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। 22 जनवरी से यज्ञ का शुभारंभ होगा। यज्ञ को लेकर समिति के पदाधिकारी सदस्यों ने बताया कि व्यवस्थाओं को लेकर समितियों का गठन कर दिया गया है। तुलसीनगर पुराना गल्ला बाजार में आयोजित यज्ञ में यज्ञाचार्य आचार्य राजेन्द्र कुमार मिश्र वाराणसी रहेगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलकर श्री अग्रवाल ने की क्षेत्र विकास की चर्चा

नवभारत न्यूज

सोहागपुर, 20 जनवरी युवा भाजपा नेता सौरभ अग्रवाल गोलू ने भाजपा के निर्विरोध नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात कर उन्हें बधाइयां और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नए राष्ट्रीय भाजप अध्यक्ष नितिन नवीन सहज सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है ।

इनके नेतृत्व में भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा । बहरहाल उदयीमान युवा भाजपा नेता सौरभ अग्रवाल सोहागपुर के संभवत: पहले ऐसे साधारण कार्यकता है जिन्होंने दिल्ली पहुंचे कर नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष

से प्रत्यक्ष भेंटकर उन्हें बधाईयां दी । उल्लेखनीय है कि सौरभ हाल ही में और पिछले मुख्यमंत्री मोहन यादव के अलावा दोनों उपमुख्यमंत्रियों तथा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी भेंटकर कर चुके है सौरव की इस राजनीतिक सक्रियता से स्थानीय राजनीतिक हल्कों में चर्चाएं सरगर्म है ।

साहू मोहल्ला में नौ दिवसीय रामकथा

माखन नगर- जब मनुष्य में अहंकार का उदय होता है तो उसका विनाश निश्चित है ये उद्गार साहू मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर महिला मंडल समिति द्वारा आयोजित नो दिवसीय रामकथा में मानस मोहिनी संध्या तिवारी द्वारा कहे। उन्होंने कहा कि रावण विश्व विजेता था, उसके पास दुनिया की सारी शक्तियां थी किंतु जैसे ही उसमें अहंकार का उदय हुआ तो उसका सर्व नाश हो गया। उन्होंने कहा कि रामकथा के श्रवण से मर्यादा एवं आदर्श आचरण का ज्ञान मिलता है। आज की पीढ़ी में संस्कारों का अभाव नजर आते हैं राम कथा श्रवण से आचरण में संस्कार आते हैं।

महिलाओं ने सुहाग सामग्री बांटकर परंपराओं को जीवंत रखा

नवभारत न्यूज

हरदा, 20 जनवरी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सोमवार को कान्यकुब्ज धर्मशाला में कान्यकुब्ज महिला संगठन द्वारा श्रद्धा और उल्लास से परिपूर्ण हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भजन-कीर्तन और सामूहिक प्रार्थना से हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। संगठन की अध्यक्ष श्रीमती शिखा दुबे ने बताया कि यह आयोजन महिलाओं के बीच आपसी प्रेम, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का माध्यम है। भक्ति भाव के साथ महिलाओं ने सहभागिता निभाते हुए समाज में सौहार्द और सद्भाव का सुंदर संदेश दिया। इसके पश्चात हल्दी-कुमकुम एवं सुहाग सामग्री का वितरण कर परंपराओं को जीवंत रखा गया। इस अवसर पर जिला सचिव श्रीमती आभा तिवारी ने कहा कि मकर संक्रांति सूर्य देव के उत्तरायण होने का शुभ संदेश लेकर आती है, जो जीवन में नई ऊर्जा, समृद्धि और मंगलकामनाओं का संचार करती है। हल्दी-कुमकुम की परंपरा प्रेम, सौभाग्य और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर घर-घर खुशियों की सौगात पहुँचाती है।

हिन्दू सम्मेलन में विधायक शाह का जाना कांग्रेस की विचारधारा के खिलाफ

हरदा, जिले के रहटगांव तथा हरदा शहर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित हिन्दू सम्मेलन में टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक अभिजीत शाह के शामिल होने पर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आदित्य गार्गव ने कहा है कि नेता का यह आचरण कांग्रेस की घोषित विचारधारा के खिलाफ है । उनकी कांग्रेस विचारधारा के प्रति निष्ठा पर बड़ा प्रश्नचिन्ह लगाता है। उल्लेखनीय है कि अभिजीत शाह विगत दिनों रहटगांव में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में शामिल हुए थे, उन्होंने अपने सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर यह समाचार भी जारी किया था। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा है कि कांग्रेस के टिकिट पर चुनाव जीते जनप्रतिनिधि के इस तरह के आयोजनों में भाग लेने से जमीनी स्तर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की विचारधारा से लड़ने वाले आम कांग्रेसी कार्यकर्ता के मनोबल पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जहाँ एक ओर तो राहुल गांधी संगठनों की विचाराधाराओं का खुलेआम विरोध कर देश के सांप्रदायिक सद्भाव एवं संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, वहीं इस तरह के आयोजनों में शामिल होकर इस लड़ाई को कमजोर करने में लगे हुए हैं।

संघ के शताब्दी वर्ष पर भव्य हिंदू सम्मेलन संपन्न

बनखेडी . राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ग्राम उमरधा के बाजार प्रांगण में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के निमित्त मंडल के 12 ग्रामों से लगभग 800 बंधु-भगिनियों का आगमन हुआ, जिससे आयोजन स्थल पर उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत माँ भारती के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके पश्चात ग्राम की भजन मंडली द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। वहीं नर्मदाचल विद्यालय उमरधा के भैया-बहनों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत कर्मदास जी महाराज पासीघाट ने की। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के प्रांत बौद्धिक प्रमुख श्री पंकज शर्मा उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने संघ की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए समाज में संघ द्वारा चलाए जा रहे पंच परिवर्तन विषय की महत्ता पर विशेष जोर दिया।

पुत्र एक कुल का तो पुत्री दो कुलों का उद्धार करती है : पं . शर्मा

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 20 जनवरी संसार में परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं है। अठारह पुराणों में व्यास जी ने मुख्य दो बातें ही सारगर्भित कही है।अष्टादश पुराणेषु व्यासस्य वचनं द्वयम, परोपकाराय पुण्याय पापाय परपीडनं। किसी भी जीव को सताना सबसे बड़ा पाप है। क्योंकि कोई महापुरुष किसी भूल के कारण पशु पक्षी की योनि में आया हो, इसलिए हमारे यहां अहिंसा परमो धर्म माना गया है। जब अहिल्या जैसी सती पत्थर बन सकती है, नलकूवर मणिग्रीव कुबेर के बेटे वक्ष योनि में आ सकते हैं, राजा नहुष अजगर बनकर आ सकता है, राजा नृग गिरगिट बनकर आ सकता है, भरत जैसा ज्ञानी हरिण की योनि में आ सकता है, इसलिए किसी भी जीव को सताइये मत। यह बात सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित रघुनंदन शर्मा के सुपुत्र कथा वाचक पंडित योगेश शर्मा ने नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य में नर्मदा मन्दिर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस कही। पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि पुत्र एक कुल का उद्धार करता है, परंतु पुत्री पिता एवं पति दोनों के कुल का उद्धार करती है, नारद जी ने दक्ष के यहां बहुत सारी कन्याएं होने का आशीर्वाद दिया, उन्हीं 60 कन्याओं से संसार भरा हुआ है। पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि प्रेम के बिना परमात्मा की प्राप्ति संभव नहीं, जिसने भी भगवान को प्राप्त किया है प्रेम के वशीभूत ही भगवान मिले हैं। प्रेम के वशीभूत भगवान विदुर के यहां केले के छिलके भी खा लेते हैं, परंतु प्रेम नहीं तो दुर्योधन के मेवा मिष्ठान भी त्याग देते हैं। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देते हुए युद्ध हारने और जीतने वाले दोनों के लिए ही घातक होता है, दो राष्ट्र आपस में लड़ते हैं एक जीतता है, दूसरा हारता है।

शताब्दी वर्ष **सकल हिंदू समाज सम्मेलन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न**

हिन्दू सम्मेलन में लगे जयश्रीराम जयघोष के नारे

नवभारत न्यूज

इटारसी, 20 जनवरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर बालाजी बस्ती, गांधी नगर, इटारसी स्थित नवग्रह दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित सकल हिंदू समाज सम्मेलन अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

सम्मेलन के प्रारंभ पूर्व शीतला माता मंदिर, नेहरूगंज से आयोजन स्थल तक मातृशक्ति के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लिए महिलाओं की सहभागिता से संपूर्ण मार्ग भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में परिवर्तित हो गया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर बस्तीवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ जय श्रीराम एवं भारत माता की जय के गगनभेदी उद्घोष के साथ हुआ। मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत माता एवं वीरांगनाओं के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में सेवा भारती प्रान्त संगठन मंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने ओजस्वी विचार रखे। विशिष्ट संत अतिथि के रूप में आचार्य श्री सुमितानंद जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं मीसाबंदी स्वर्गीय श्री प्रकाश वल्लभ सोनी जी की धर्मपत्नी श्रीमती पदमा सोनी, हिंदू सम्मेलन नगर संयोजक डॉ. पंकजमणि पहाड़िया, समिति संयोजक श्री राकेश जाधव एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रमोद पगारे मंचासीन रहे। सम्मेलन के दौरान सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया.

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Presiding Officer: श्री यतीन अग्रवाल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000117/2025)
देवीदयाल परते उर्फ दंगल सिंह .....वादी
Vs
स्टेट मप्र द्वारा कलेक्टर नर्मदापुरम.....प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक - 25/03/2026
प्रेषिती-(1) सर्वसाधारण अन्य सर्वसाधारण पता - इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम मप्र.

यह कि प्रार्थी देवीलाल परते उर्फ दंगल सिंह ने आपके विरुद्ध दावा वास्ते घोषणा अंतर्गत धारा 34 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम के लिये वाद संस्थित किया है . सर्वसाधारण आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 17 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

यतिन अग्रवाल
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खंड के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश इटारसी ,जिला नर्मदापुरम म.प्र.

टिप्पणी :- दावा वास्ते घोषणा अंतर्गत धारा 34विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम

कृपया ध्यान दें--

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।